मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कहा– राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है।
- मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून महानगर में 46 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन के प्रयासों से त्रियुगीनारायण बन रहा लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन।
- बागेश्वर में चार दिवसीय अंतर–महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू। 18 महाविद्यालयों के सौ से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री / नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश के लगभग 17 लाख से अधिक मरीजों का 3 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री / शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह में देहरादून महानगर में 46 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में देहरादून नगर निगम ने नागरिक सुविधाओं के विस्तार और आधुनिक शहरी प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ हासिल करते हुए, देहरादून को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार देहरादून को एक आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

नयार घाटी महोत्सव

पौड़ी गढ़वाल की नयार नदी घाटी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रस्तावित तीन दिवसीय नयार घाटी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने आज अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में महोत्सव के दौरान एमटीबी बाइकिंग, कयाकिंग, पैराग्लाइडिंग और एंगलिंग जैसी गतिविधियों को शामिल किये जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नयार नदी घाटी क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव के माध्यम से नयार नदी घाटी क्षेत्र को विश्व पटल पर न केवल पहचान मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बल मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। जिलाधिकारी ने पौड़ी और सतपुली के उप जिलाधिकारी को महोत्सव की रूप–रेखा बनाने के निर्देश दिए।

त्रियुगीनारायण

रुद्रप्रयाग जिले में भगवान शिव और माता पार्वती के पौराणिक विवाह स्थल, त्रियुगीनारायण धाम, अब एक लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान बना रहा है। यहां आयोजित होने वाली शादियों से क्षेत्र की आर्थिकी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही पर्यटन को भी नए आयाम मिल रहे हैं। स्थानीय होटल, होमस्टे, परिवहन, फूल–व्यवसाय, बैंड–बाजा और पुजारी समुदाय को इससे सीधा लाभ मिल रहा है। जिला प्रशासन के प्रयासों और धार्मिक महत्त्व के चलते यहां होने वाली शादियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। त्रियुगीनारायण पुरोहित समिति के अध्यक्ष सचिन पंचपुरी के अनुसार, वर्ष 2022 में विवाह पंजीकरण शुरू होने के बाद से यहां अब तक कुल 750 विवाह संपन्न हो चुके हैं।

गुलदार हमला मृत्यु

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मानव–वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चम्पावत जिले में बाराकोट विकासखण्ड के च्युरानी ग्रामसभा के धरगड़ा में आज गुलदार के हमले में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जिले में एक माह में गुलदार के हमले से मौत की यह दूसरी घटना है। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ग्रामीणों की मांग पर अधिकारियों को क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य के लिए निर्देश दिए। वहीं घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से गुलदार को आदमखोर घोषित कर उसे पकड़ने मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य नन्दा बल्लभ बगौली का कहना है कि गुलदार की दहशत के कारण इस तोक के कई लोग पलायन कर चुके हैं।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता

बागेश्वर में चार दिवसीय अंतर–महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हो गई है। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों की सुविधाओं को बढ़ाया गया है।

प्रतियोगिता में 18 महाविद्यालयों के सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

तहसील दिवस टिहरी

टिहरी जिले के कीर्तिनगर तहसील कार्यालय में आज जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान सड़क, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी 65 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश पेयजल और बिजली से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को जन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।